तापमान

अधिकतम 33 डिग्री

न्यूनतम 20 डिग्री

हरिभूमि

धमतरी भूमि

रायपुर, शुक्रवार 9 अक्टूबर 2026

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

12 पीएचसी कोर्रा में बाउंड्रीवाल नहीं, रात में नर्सों और...



13 सेवा संकल्प अभियान के तहत नगरी में जिला स्तरीय...





करंट से मजदूर की मौत पर मकान मालिक पिता-पुत्र को तीन-तीन माह का कारावास

अर्थदंड की राशि मृत मजदूर परिवार और आहत मजदूर में बांटी जाएगी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

मकान निर्माण के दौरान करंट लगने से एक मजदूर की मौत और दूसरे के घायल होने पर न्यायालय ने मकान मालिक पिता, पुत्र को 3-3 माह का कारावास से दंडित किया है। इसके अतिरिक्त 50-50 हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदंड की राशि मृत मजदूर परिवार और आहत मजदूर में बांट दी जाएगी।

घटना 24 अगस्त 2020 को समय 11.30-12 बजे के बीच की है। ग्राम छाती में अमी राम साहू और उसके पुत्र श्रद्धानंद साहू साहू द्वारा तीन मंजिला मकान और दुकान का निर्माण किया जा रहा था। निर्माण का ठेका जागेश्वर साहू ने लिया था। यह मकान छाती के 33/11 केव्ही सब स्टेशन से 200 मीटर की दूरी पर राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे स्थित है। घटना के दिन डाही फीडर विद्युत लाइन से 2 फीट दूर पर बाथरूम की दीवार की जुड़ाई का काम चल रहा था। राजमिस्त्री तुलसीराम साहू और परमालाल यादव अंदर की ओर से ईंट जुड़ाई कर रहे थे। इस कार्य के लिए मजदूर हर्ष साहू और होमेश कुमार साहू ईंट ढुलाई का काम कम रहे थे।



तीसरा मजदूर विकास कुमार साहू पीछे दीवार की मोखाई का काम कर रहा था। घटना के वक्त प्रथम तल पर पीछे की तरफ लगभग 2 फीट चौड़ाई में छूटे फ्लोर पर हर्ष साहू और होमेश कुमार साहू विकास साहू के पास ईंट ढुलाई करने बोलेने के लिए पहुंचे। इसी दौरान हर्ष और होमेश दोनों 11 केव्ही फीडर विद्युत लाइन की चपेट में आ गए। इससे हर्ष 22 फीट नीचे गिर गया, जबकि होमेश मकान के पिछले हिस्से में नीचे बने बाथरूम की छत पर गिर गया। दोनों को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां पर डाक्टरों ने हर्ष को मृत घोषित कर दिया। इस मामले में मकान मालिक पिता और पुत्र के साथ ठेकेदार को भी आरोपी बनाया गया था। न्यायालय ने ठेकेदार को इसलिए राहत दे दी क्योंकि वह मकान मालिक के कहने पर काम कर रहा था। इस मामले में फैसला सुनाते हुए विशेष न्यायाधीश (विद्युत अधिनियम) रामकुमार तिवारी ने अमीराम साहू और श्रद्धानंद साहू को विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 146 के तहत दोषसिद्ध करार दिया। दोनों को 3-3 माह का साधारण कारवास और 50-50 हजार रुपए अर्थदंड से दंडित किया। अर्थदंड नहीं चुकाने पर 21-21 दिन का साधारण कारावास और भुगतना होगा। अर्थदंड की राशि में से 75 हजार रुपए मृतक हर्ष के पिता भुनेश्वर साहू को और 25 हजार रुपए आहत होमेश कुमार साहू को उच्च न्यायालय में अपील अवधि के पश्चात प्रदान की जाएगी। यदि इस मामले को लेकर पिता, पुत्र अपील करते हैं तो अर्थदंड का निराकरण अपीलीय न्यायालय के आदेशानुसार किया जाएगा।

खबर संक्षेप

आज सामुदायिक भवन में जनसमस्या निवारण शिविर

धमतरी। आज 9 अक्टूबर को विंध्यवासिनी वार्ड स्थित बिलाई माता मंदिर के पीछे सामुदायिक भवन में प्रातः 10 बजे से शाम 5 बजे तक जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर के माध्यम से नागरिकों की समस्याओं को सुनकर उनका यथासंभव मौके पर निराकरण किया जाएगा तथा पात्र हितग्राहियों को शासन की योजनाओं से जोड़ने के लिए आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

ग्राम पंचायत भृत्यों की बैठक 10 को

सांकरा। नगरी ब्लॉक के ग्राम पंचायत भृत्यों की बैठक 10 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे महतारी सदन सांकरा पंचायत भवन के बाजू में रखी गई है। यह जानकारी अध्यक्ष रूपेश पटेल, सचिव देवीचरण नेताम, कोषाध्यक्ष घनाराम गौर ने दी है।

मौरीकला में अखंड रामधुनी स्पर्धा आज से

सिर्री। ग्राम मौरीकला गुफा में 9 एवं 10 अक्टूबर को दो दिवसीय अखंड रामधुनी एवं रामनाम सप्ताह प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है।



धार्मिक आयोजन में विभिन्न क्षेत्र से रामधुनी मंडलियां शामिल होंगी और भक्ति गीतों व रामधुनी-झांकी की प्रस्तुतियां देंगी। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि तामेश्वरी साहू पूर्व जनपद सदस्य करेंगी। पहले दिन शुक्रवार को 5 रामधुनी मंडलियां अपनी प्रस्तुति देंगी। शनिवार को भी 5 मंडलियों द्वारा रामधुनी प्रस्तुत की जाएगी। आयोजन को लेकर ग्रामीणों में उत्साह है।

मतदाता सूची का संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य आज से, नए मतदाताओं के नाम भी जुड़ेंगे

फिर खोजे जाएंगे एसआईआर में छूटे 5 हजार मतदाता

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

एसआईआर में 49 हजार 358 मतदाताओं का नाम कटा था। इनमें से 5 हजार से ज्यादा मतदाताओं का एक बार फिर सत्यापन होगा। इसके अतिरिक्त अन्य छूटे हुए और नए पात्र युवा मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में जोड़ने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान के तहत शैक्षणिक संस्थाओं और मतदान केंद्रों में आज से विशेष शिविर भी लगाया जाएगा।

मतदाता सूची का शुद्धिकरण करने के लिए एसआईआर अभियान चलाया गया। इसमें मतदाताओं की पुष्टि की गई। इस दौरान 49 हजार 358 मतदाताओं के नाम काटे गए थे। एसआईआर के बाद लगातार शिकायत आ रही थी कि कई मतदाता पात्र होते हुए मतदाता सूची में शामिल नहीं हैं। स्थिति को देखते हुए मतदाता सूची का संक्षिप्त पुनरीक्षण शुरू किया जा रहा है। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में मतदाता सूची में छूटे हुए पात्र नागरिकों तथा नए पात्र युवा एवं पहली बार मतदान के लिए पात्र बने नागरिकों के नाम जोड़ने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची में पंजीयन से वंचित न रहे और सभी पात्र नागरिक अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें।



5064 मतदाताओं का फिर से वेरिफिकेशन

एसआईआर के दौरान 8259 नए मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में जोड़े गए थे, जबकि 49358 मतदाताओं के नाम लिस्ट से हटाए गए थे। इसमें से 15406 मतदाताओं की मृत्यु होने पर उनका नाम काटा गया था। 23649 का स्थानांतरण होने पर, 5239 का डबल एंट्री होने पर, 4886 का अनुपस्थित होने पर और 178 मतदाताओं का कई अन्य कारणों से नाम काटा गया था। अब इसमें अनुपस्थित और अन्य कारणों से हटाए गए मतदाताओं की एक बार फिर जांच होगी। यदि वे मतदाता पात्र मिलते हैं, तो उनका नाम मतदाता सूची में जोड़ा जाएगा।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने जिले के समस्त पात्र नागरिकों से अपील की है कि वे अभियान का लाभ उठाते हुए अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज कराने की प्रक्रिया पूर्ण करें। इसके लिए बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) द्वारा घर-घर भ्रमण के साथ-साथ विशेष शिविरों का आयोजन किया जाएगा। तात्कालिक व्यवस्था के तहत 9 से 11 अक्टूबर तक जिले के सभी मतदान केन्द्रों में विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों में बीएलओ द्वारा पात्र नागरिकों से ऑनलाइन एवं ऑफलाइन आवेदन प्राप्त किए जाएंगे। इसके बाद 12 से 16 अक्टूबर तक संबंधित क्षेत्र के हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूलों में बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा विशेष शिविर आयोजित कर युवा एवं भावी मतदाताओं के पंजीयन के लिए आवेदन प्राप्त किए जाएंगे।

30 अक्टूबर तक नियमित विशेष शिविर

अभियान के अंतर्गत 30 अक्टूबर तक प्रत्येक बूथ लेवल अधिकारी द्वारा अपने मतदान केन्द्र में प्रत्येक सप्ताह बुधवार एवं गुरुवार को कार्यालयीन समय में विशेष शिविर लगाया जाएगा। वहीं शुक्रवार एवं शनिवार को संबंधित मतदान केन्द्र अंतर्गत आने वाले पॉलीटेक्निक, आईटीआई, हाईस्कूल, हायर सेकेंडरी स्कूल तथा समस्त उच्च शैक्षणिक संस्थानों में संस्थान के इलेक्ट्रोरल लिटरेसी क्लब (ईएलसी) के माध्यम से युवा एवं भावी मतदाताओं के पंजीयन के लिए विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे। मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के इच्छुक पात्र नागरिक एसीनेट मोबाइल ऐप अथवा भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट के माध्यम से फॉर्म-6 भरकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

हाईस्पीड कार ने युवक को रौंदा, मौत



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

- रत्नाबांधा रोड की घटना

रात्रि में खाना खाकर सड़क पर पैदल निकले युवक को तेज रफ्तार कार ने रौंद दिया। इस घटना में युवक की मौके पर ही मौत हो गई।

अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार सागर नागरची पिता माखन उम्र 21 वर्ष पीजी कॉलेज रोड शीतला मंदिर के पास रत्नाबांधा निवासी बुधवार की रात्रि घर में भोजन कर रत्नाबांधा रोड में टहलने निकला था। इसी दौरान पीछे से आ रही काले रंग की हाई स्पीड कार ने सड़क पर पैदल जा रहे युवक को चपेट में ले लिया। कार युवक को रौंदते हुए मौके से फरार हो गई। कार की ठोकर से युवक लहूलुहान सड़क पर पड़ा था। इसी दौरान वहां से गुजर रहे अभय थिटे की नजर युवक पर पड़ी। तत्काल घटना की सूचना रेडक्रास सोसायटी के वाईस चेयरमेन शिवा प्रधान को दी। शिवा अपने साथी डोमन साहू के साथ मौके पर पहुंचे और लहूलुहान युवक को एम्बुलेंस की मदद से जिला अस्पताल पहुंचाया। डाक्टर ने युवक को मृत घोषित कर दिया। चौकी पुलिस ने शव का पंचनामा व पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया।

बिस्तर में आग लगने से बुजुर्ग झुलसा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

रात्रि में सो रहे बुजुर्ग के बिस्तर में अचानक आग लग गई। इस घटना में बुजुर्ग गंभीर रूप से झुलस गया।

परिजनों के अनुसार बिरेझर पुलिस चौकी के ग्राम नवागांव कचना निवासी नोहर यादव पिता रामचरण उम्र 76 वर्ष बुधवार की रात्रि 8 बजे खाना खाकर अपने बिस्तर में सो रहा था। रात्रि लगभग 10 बजे टोमन काम से घर पहुंचने के बाद कमरे में जाकर देखा तो उसका बुजुर्ग पिता सो रहा था। टोकन भी खाना खाने के बाद अपने कमरे में सोने चला गया। रात्रि 2 बजे उसके कमरे का पंखा व लाइट बंद हो जाने से टोमन व उसकी पत्नी



नवागांव कचना की घटना

की नींद खुल गई। घर में धुआं व जलने की बदबू फैले देख किसी अनहोनी की आशंका से दौड़कर अपने पिता के कमरे में गए जहां बिस्तर जल गया था। वहीं आग से पिता झुलस गया था। आग से विद्युत वायर जल गया था जिसके कारण घर की लाइट बंद हो गई थी। बुजुर्ग को रात्रि में ही तत्काल उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद बुजुर्ग को अस्पताल के बर्न वार्ड में भर्ती किया गया है। इस घटना में बुजुर्ग 50 प्रतिशत से अधिक झुलस चुका है। उसकी हालत गंभीर है। बताया गया कि बुजुर्ग स्मोकिंग करता है। इससे गद्दे में आग पकड़ लेने की आशंका जताई जा रही है।

नगरीय निकाय कर्मचारी आज हड़ताल पर

- 18 सूत्रीय मांगों को लेकर रायपुर में होगा प्रदेश स्तरीय प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

छत्तीसगढ़ के नगरीय निकायों में कार्यरत अधिकारी-कर्मचारी अपनी 18 सूत्रीय मांगों को लेकर 9 अक्टूबर को एक दिवसीय प्रदेश स्तरीय हड़ताल करेंगे। नगर पालिक निगम धमतरी के नवयुक्त अधिकारी-कर्मचारी कल्याण संघ के सदस्य भी हड़ताल में शामिल होने रायपुर जाएंगे। हड़ताल की सूचना जिला प्रशासन और नगर निगम आयुक्त को दी जा चुकी है।

कर्मचारी संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष मोहम्मद शेरखान और जिलाध्यक्ष मंगलू निर्मलकर ने बताया कि लंबे समय से कर्मचारियों की विभिन्न मांगें लंबित हैं। शासन का ध्यान इन समस्याओं की ओर आकर्षित करने के लिए प्रदेशभर के नगरीय निकायों के अधिकारी-कर्मचारी एकजुट होकर हड़ताल में शामिल होंगे।



संघ की प्रमुख मांगों में नगरीय निकाय कर्मचारियों के लिए ओल्ड पेंशन योजना लागू करना, नवीन सेटअप स्वीकृत कर नियमित पदोन्नति की प्रक्रिया शुरू करना और पदोन्नति होने तक सीधी भर्ती पर रोक लगाना शामिल है। कर्मचारियों ने समयमान वेतनमान और पदोन्नति से जुड़े लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने की मांग भी रखी है।

कर्मचारियों ने अभियंता और लेखापाल संवर्ग की पदोन्नति संबंधी समस्याओं के समाधान, प्लेसमेंट कर्मचारियों को दैनिक वेतनभोगी के रूप में रखने तथा 10 से 15 वर्षों से कार्यरत कर्मचारियों को नियमित करने की मांग की है। सफाई विभाग के कर्मचारियों सहित कैशियर, कंप्यूटर ऑपरेटर, समयपाल, पंप अटेंडेंट और वाहन चालकों के लिए पदोन्नति चैनल निर्धारित करने की मांग भी शामिल है। संघ का कहना है कि हड़ताल के माध्यम से शासन तक कर्मचारियों की समस्याएं प्रभावी ढंग से पहुंचाई जाएंगी।

धमतरी में जलसंकट पर बड़ी राहत, 9 एमएलडी प्लांट तैयार



40 वार्डों के 1.20 लाख लोगों को मिलेगा लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

गर्मी में जलसंकट से जूझने वाले धमतरी शहर को अब राहत मिलने की उम्मीद है। करीब 34 करोड़ रुपये की लागत से तैयार 9 एमएलडी क्षमता का नया वाटर ट्रीटमेंट प्लांट अंतिम चरण में पहुंच गया है। प्लांट के ट्रांसफॉर्मर चार्जिंग और मुख्य बिजली कनेक्शन का काम पूरा हो चुका है। नगर निगम अब ट्रायल रन की तैयारी कर रहा है। सब कुछ ठीक रहा तो जल्द ही नए प्लांट से शहर में पानी की सप्लाई शुरू हो सकती है।

नए प्लांट के शुरू होने से निगम क्षेत्र के 40 वार्डों में पेयजल व्यवस्था मजबूत होगी। करीब 20 हजार नल कनेक्शन के माध्यम से लगभग 1.20 लाख आबादी को इसका लाभ मिलने की उम्मीद है। वर्तमान में शहर में 14.70 एमएलडी क्षमता का पुराना वाटर ट्रीटमेंट प्लांट संचालित है। इसके बावजूद गर्मी के दिनों में कई इलाकों में पानी की समस्या सामने आती रही है। नई परियोजना इसी समस्या के समाधान के लिए तैयार की गई है।

तीन नई टंकियां और 85 किमी पाइपलाइन

परियोजना के तहत रामपुर, अधारी नवागांव और सुभाष नगर क्षेत्र में तीन नई ओवरहेड पानी टंकियों का निर्माण कराया गया है। शहर में करीब 85 किलोमीटर नई पाइपलाइन भी बिछाई गई है। पुराने और जर्जर पाइप नेटवर्क को बदलकर नई लाइन से कनेक्शन दिए जा रहे हैं। इससे लीकेज की समस्या कम होने के साथ जलापूर्ति का दबाव भी बेहतर होने की उम्मीद है। अधारी नवागांव, जालमपुर और बठेना क्षेत्र की टंकियों को नए प्लांट से जोड़ा गया है।

ट्रायल के बाद शुरू होगी जलापूर्ति

पीसी सार्वा ने बताया कि प्लांट का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। ट्रांसफॉर्मर कनेक्शन, आंतरिक सड़क और मुख्य गेट का काम भी पूरा कर लिया गया है। अब ट्रायल रन कराया जाएगा। सफल परीक्षण के बाद जल्द ही प्लांट को शहर की जलापूर्ति व्यवस्था में शामिल करने की तैयारी है।

सुमीत बाजार™

धमतरी में आज पेपर कटिंग लाने पर

एक्सपोर्ट मूल्य ₹399 प्रति पीस वाली

एक्सपोर्ट क्वलिटी 100% कॉटन

सिंगलबेड

बेडशीट

₹175 प्रति पीस

प्रति व्यक्ति प्रति कटिंग अधिकतम 2 पीस

1 पीस बेडशीट की कीमत मात्र ₹175

बाजार मूल्य ₹399 प्रति पीस वाले

डायनिंग एवं सेंटल टेबल में रखने के लिये

एक्सक्लूसिव राउण्ड



चिड़ मैट

₹49 प्रति पीस

प्रति व्यक्ति प्रति कटिंग अधिकतम 2 पीस

1 पीस राउण्ड मैट की कीमत मात्र ₹49

*condition apply

ऑफर सिर्फ आज पेपर कटिंग लाने पर... स्टॉक रहने तक दिया जाएगा

रूद्री रोड, धमतरी

खबर संक्षेप

डाही में दुर्गोत्सव समिति की बैठक हुई

धमतरी। ग्राम डाही के राम मंदिर में सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति की बैठक हुई। इस वर्ष भी क्वांर नवरात्रि को भाईचारे के साथ व शांतिपूर्व मनाने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया है। मौके पर देवेंद्र साहू, गितेंद्र नेताम, खोमेंद्र साहू, गंगाधर निर्मलकर, तुमेश नेताम, परस ठाकुर, युधिष्ठिर ध्रुव, मिलावा ठाकुर, चद्रहांस मंडावी समेत समिति के अन्य सदस्य मौजूद थे।

42 बकायादारों को अंतिम नोटिस जारी

अंवरी। नगर पंचायत भखारा द्वारा निकाय क्षेत्र में स्थित व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स की दुकानों का किराया जमा न करने वाले कुल 42 बकायादारों को अंतिम चेतावनी नोटिस जारी किया गया है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने बताया कि इन दुकानदारों पर मार्च 2026 तक का कुल 9,23,480 रूपए किराया बकाया है। पूर्व में कई बार पत्राचार एवं घर-घर संपर्क कर वसूली का प्रयास किया गया, परंतु राशि जमा नहीं की गई। सभी बकायादारों को 21 अक्टूबर तक समस्त बकाया राशि जमा करना अनिवार्य होगा। निर्धारित तिथि तक राशि जमा न करने पर 23 अक्टूबर को सीलबंदी की कार्रवाई की जाएगी, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी संबंधित दुकानदार की होगी।

प्रधानमंत्री राष्ट्रीय अप्रेंटिसशिप मेला 12 को कुरुद में

धमतरी। स्थानीय युवाओं को उद्योगों एवं प्रतिष्ठानों में अप्रेंटिसशिप प्रशिक्षण तथा रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था (आईटीआई) कुरुद में प्रधानमंत्री राष्ट्रीय अप्रेंटिसशिप मेला का आयोजन 12 अक्टूबर को प्रातः 9 बजे से होगा। मेले में जिले के विभिन्न उद्योग एवं प्रतिष्ठान अप्रेंटिसशिप प्रशिक्षण अथवा प्लेसमेंट के लिए शामिल हो सकेंगे। इसके माध्यम से आईटीआई उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थियों को अपनी योग्यता एवं तकनीकी कौशल के अनुरूप रोजगार की संभावनाओं से जुड़ने का अवसर मिलेगा।

निधन

चंद्रसेन चंद्राकर

कुकरेल(धमतरी)। कुकरेल तहसील के ग्राम कुम्हड़ा निवासी चंद्रसेन चंद्राकर का आकस्मिक निधन 30 सितंबर को हो गया। वह कारण सिंह चंद्राकर पूर्व ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष कुकरेल के भाई थे। उनके निधन पर अनेक लोगों ने शोक जताया है।



गुप्त रोगी संपर्क करें

पुरुष गुप्त रोगी नपुंसकता, उत्तेजना क्रम होना, हस्तमैथुन द्वारा नसों में कमजोरी, समय से पहले वीर्य स्खलित हो जाना, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, गुप्त अंग का छोटापन व पेशाब के साथ धातु का गिरना एवं जलन होना, आयुर्वेदिक द्वारा सफल स्थाई ईलाज। निराश रोगी संपर्क करें।

संजीवनी आयुर्वेदिक दवाखाना
अंबेडकर चौक, अंगारमोती मेडिकल स्टोर्स के पास धमतरी
मो. 91744-66336

पंचायत की आय बढ़ाने, स्थानीय रोजगार और ग्रामीण सुविधाओं से जुड़े कार्यों पर जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जिला पंचायत सभाकक्ष में कलेक्टर अबिनाश मिश्रा की अध्यक्षता में वीबी जी- राम-जी योजना अंतर्गत निर्माण कार्यों की समीक्षा एवं कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में योजना के तहत क्षेत्रवार कार्यों के चयन, प्राथमिकता निर्धारण तथा आगामी कार्ययोजना तैयार करने के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई।

कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि वीबी जी-राम-जी योजना के तहत कार्यों का चयन केवल निर्माण कार्य कराने के उद्देश्य से नहीं, बल्कि क्षेत्र की वास्तविक आवश्यकता और ग्रामीणों को मिलने वाले प्रत्यक्ष लाभ को ध्यान में रखकर किया जाए।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक क्षेत्र की स्थानीय जरूरत, उपलब्ध संसाधन, रोजगार की संभावनाएं, ग्रामीणों की सुविधा तथा पंचायत की आय में वृद्धि की संभावना का आकलन करते हुए कार्ययोजना तैयार की जाए।

कार्यशाला में जिपं सीईओ जयंत नाहटा, कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा राठौर, एपीओ धर्म सिंह सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं पंचायतों के तकनीकी सहायक उपस्थित थे।

अति आवश्यक कार्यों को प्राथमिकता देकर बनाएं क्षेत्र विकास की कार्ययोजना : कलेक्टर

छात्रावास, स्वास्थ्य एवं शासकीय भवनों के आवश्यक कार्यों को प्राथमिकता

कलेक्टर ने ट्राइबल हॉस्टल में विद्यार्थियों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए शौचालय, खेल मैदान, प्रयोगशाला, लाइब्रेरी सहित अन्य जरूरी सुविधाओं के विकास को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए आवश्यकता के अनुरूप अस्पताल भवन एवं अन्य आवश्यक अधोसंरचना के निर्माण को कार्ययोजना में शामिल करने कहा।



पंचायतों की आय बढ़ाने वाले कार्यों पर विशेष जोर

कलेक्टर श्री मिश्रा ने पंचायतों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए ऐसे कार्यों को प्राथमिकता देने कहा, जिनसे भविष्य में पंचायत को नियमित आय प्राप्त हो सके। उन्होंने ग्रामीण बाजार, व्यवसायिक परिसर, चौपाटी, तालाब तथा पर्यटन आधारित सुविधाओं के विकास जैसे कार्यों को स्थानीय आवश्यकता के अनुरूप कार्ययोजना में शामिल करने के निर्देश दिए।

मवेशियों और असामाजिक तत्वों की आवाजाही से बढ़ी परेशानी

पीएचसी कोर्रा में बाउंड्रीवाल नहीं, रात में नर्सों और कर्मचारियों की सुरक्षा पर सवाल





हरिभूमि न्यूज ⏭कोर्रा(भखारा)

ग्राम पंचायत कोर्रा स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में बाउंड्रीवाल नहीं होने से अस्पताल परिसर की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं। परिसर खुला होने के कारण मवेशियों के साथ असामाजिक तत्वों की आवाजाही बनी रहती है। सबसे ज्यादा परेशानी रात में ड्यूटी करने वाली नर्सों और कर्मचारियों को होती है। अस्पताल से लगे मुक्तिधाम के कारण भी रात के समय स्टाफ में असुरक्षा की भावना बनी रहती है।

ग्रामीणों का कहना है कि स्वास्थ्य केंद्र में इलाज की व्यवस्था के साथ मरीजों और कर्मचारियों की सुरक्षा भी जरूरी है, लेकिन लंबे समय से बाउंड्रीवाल की मांग के बावजूद अब तक इसका समाधान नहीं हुआ है। बारिश के दिनों में समस्या और बढ़ जाती है। पूर्व में हुई बारिश के दौरान कुरिया नाला में पानी बढ़ने से अस्पताल के पार्किंग क्षेत्र तक पानी पहुंच गया था। बाउंड्रीवाल नहीं होने से अस्पताल परिसर को व्यवस्थित रखना भी चुनौती बना हुआ है।

पीएचसी प्रभारी ने भेजा आवेदन

पीएचसी प्रभारी युगल किशोर साहू ने बताया कि अस्पताल परिसर की सुरक्षा और व्यवस्था को देखते हुए बाउंड्रीवाल निर्माण की आवश्यकता है। इसके लिए उनके द्वारा जिला चिकित्सा अधिकारी को आवेदन देकर बाउंड्रीवाल निर्माण की मांग की गई है।

पंचायत ने कहा : जल्द होगा निर्णय

ग्रामीणों की मांग को लेकर ग्राम पंचायत ने भी पहल करने की बात कही है। सरपंच चोवा राम साहू ने बताया कि पीएचसी में बाउंड्रीवाल के संबंध में जिला चिकित्सा अधिकारी को अवगत कराया गया है। पंचायत स्तर पर भी इस संबंध में चर्चा की जा रही है। जल्द ही सर्वसम्मति से बाउंड्रीवाल निर्माण को लेकर उचित निर्णय लिया जाएगा।

मुक्तिधाम भी बनेगा सुरक्षित और व्यवस्थित

पीएचसी से लगे मुक्तिधाम को लेकर भी ग्रामीण लंबे समय से चिंता जता रहे हैं। बारिश के दौरान यहां पानी भरने की समस्या सामने आती है। ग्रामीणों ने मुक्तिधाम को ऊंचा करने और सुरक्षित बनाने की मांग की है। सरपंच ने बताया कि मुक्तिधाम को ऊंचा करने के साथ उसके सौंदर्यीकरण की दिशा में भी काम किया जाएगा। पूर्व में मुक्तिधाम में पौधरोपण, तार घेरा, पेयजल, बैठने की व्यवस्था और गेट आदि की सुविधाएं पंचायत स्तर पर कराई गई थीं, लेकिन असामाजिक तत्वों द्वारा नुकसान पहुंचाए जाने से व्यवस्थाएं प्रभावित हुईं।



जीजामगांव में रामधुनी सम्मेलन आज से

- कलशयात्रा के दौरान पूरा गांव श्रीराम के जयकारों और भक्ति गीतों से गूंज उठा

हरिभूमि न्यूज ⏭जीजामगांव

ग्राम जी-जामगांव के टिकरापारा में आज से दो दिवसीय रामधुनी सम्मेलन होगा। 8 अक्टूबर को कलश यात्रा निकली। कलशयात्रा के दौरान पूरा गांव श्रीराम के जयकारों और भक्ति गीतों से गूंज उठा। आयोजन स्थल पर विधि-विधान से कलश स्थापना एवं पूजा-अर्चना की गई। प्रथम दिवस 9 अक्टूबर को जय दुर्गा रामधुनी मंडली चर्रा, सुंदर गंगा रामधुनी मंडली बारना, जय दुर्गा रामधुनी मंडली चिरपोटी, महर गंगा रामधुनी मंडली अरौद तथा जय गणेश रामधुनी मंडली सिरसापार के भक्ति गीतों एवं संगीतमय रामधुनी की प्रस्तुति होगी।10 अक्टूबर को एम संस्कार रामधुनी मंडली दरगहन, जय मां सरस्वती रामधुनी मंडली आमदी, त्रिवेणी संगम रामधुनी मंडली कुर्रा डबगांव, जय मां शीतला रामधुनी मंडली आमलीपारा तथा जय महामाया रामधुनी मंडली किकिरमेटा अपनी प्रस्तुति देंगी।



धर्म के साथ लोक संस्कृति और सामाजिक एकता का संदेश

आयोजकों के अनुसार रामधुनी सम्मेलन केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि गांव की लोक संस्कृति, परंपरा और सामाजिक एकता का उत्सव भी है। रामधुनी के माध्यम से भगवान श्रीराम के आदर्शों, मर्यादा, सत्य और सदाचार का संदेश जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है।

अरौद में रामधुनी प्रतियोगिता शुरू

मगरलोड। ग्राम अरौद में 7 से 10 अक्टूबर तक रामधुनी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। 9 अक्टूबर को जय बजरंग रामधुनी मंडली बकली (कुरूद) द्वारा लक्ष्मण चरित्र, जय मारिया रामधुनी मंडली राजपुर शुंभ-निशुंभ वध, दाई के दुलार कन्हारपुरी (गुरूर) शिव पुराण, श्रीराम जानकी रेवती (नवागांव) राम वनवास, हरिओम जय अम्बे कन्हारपुरी (डोंगरगढ़) झांकी, जय चारोधाम रामधुनी मंडली बारना भक्त पूरणमल व 10 अक्टूबर को जय दुर्गे रामधुनी मंडली चिरपोटी सती उर्मिला, लहर गंगा अरौद (मेघा) झांकी देवी उत्पत्ति, मधुर मिलन बाबुकोहका (चारामा, कांकेर) सूर्पनखा चरित्र, जय मां विन्ध्यवासिनी गोकुलपुर भस्मासुर उत्पत्ति, जय मां शारदा लोक सांस्कृतिक चर्चा धनुष यज्ञ, जय श्रीराम देवरी (भखारा) द्वारा भरत गोपी-चन्द्र की प्रस्तुति दी जायेगी।

विदाई में शिक्षक ने लौटाया स्कूल को सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

- बच्चों के भविष्य के लिए दिए 50 हजार

43 साल तक बच्चों को शिक्षा और संस्कार देने वाले शासकीय हाईस्कूल जोरातराई के शिक्षक दयालुराम साहू जब सेवानिवृत्त हुए तो स्कूल का माहौल भावुक हो गया। छात्र-छात्राओं, शिक्षकों और ग्रामीणों ने उन्हें सम्मान के साथ विदाई दी। इस मौके पर श्री साहू ने भी स्कूल और विद्यार्थियों को ऐसा तोहफा दिया, जो उनकी सेवा की यादों को लंबे समय तक जीवित रखेगा। उन्होंने अपने पिता और ससुर की स्मृति में 50 हजार रुपए का रामगोपाल छात्र कोष स्थापित कर राशि का चेक स्कूल को सौंपा।

सेवानिवृत्ति के अवसर पर अपने 43 साल के सेवाकाल की यादें साझा करते हुए दयालुराम साहू ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र की शालाओं में कई बार संसाधनों की कमी रही, लेकिन शिक्षकों और ग्रामीणों के सहयोग से बच्चों की पढ़ाई को प्रभावित नहीं होने दिया। संकुल समन्वयक रहते हुए उन्होंने गांवों में बाल मेला, ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं सहित कई शैक्षणिक गतिविधियों को बढ़ावा दिया। सिलौटी संकुल में उनके मार्गदर्शन में तैयार नवाचारी मॉडल आज भी गुजरात के प्रदर्शनी स्थल में स्थापित है।



पिता-ससुर की याद में बच्चों के लिए सौगात

श्री साहू ने अपने स्व. पिता श्रीराम साहू और ससुर स्व.गोपालराम की स्मृति में रामगोपाल छात्र कोष बनाया। पत्नी खेमलता साहू और पुत्र रोहित साहू की मौजूदगी में उन्होंने 50 हजार रुपए का चेक प्रभारी प्राचार्य टीआर साहू को सौंपा। उन्होंने कहा कि यह राशि बच्चों के सर्वांगीण विकास में काम आए, यही उनकी इच्छा है। पूर्व सरपंच सविता गंजीर और सेवानिवृत्त शिक्षक ओपी साहू ने कहा कि दयालुराम साहू जैसे समर्पित शिक्षक का मिलना किसी भी संस्था के लिए सौभाग्य है। उनकी सेवानिवृत्ति शिक्षा जगत के लिए बड़ी कमी है।

बाजे- गाजे के साथ दी विदाई

समारोह में प्रभारी सरपंच रोहिणी साहू, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष रमेश साहू, ग्रामीण अध्यक्ष यीशु राम साहू, भानूराम साहू, हेमलाल साहू, दीपक साहू, प्राचार्य सिलौटी एमके ठाकुर, शिक्षक थानु राम साहू, ओपी मिथलेश, दीपिका यादव, योगिता गंजीर, दुर्गेश्वरी साहू, नेमसिंग साहू, पद्मा बघेल, मेहताब साहू, गोकुलेश साहू, सुदामा राम और गिरधारी साहू सहित आसपास के विद्यालयों के शिक्षक, ग्रामीण, पंचगण और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। सम्मान के बाद बाजे-गाजे के साथ श्री साहू को शाला से विदाई दी गई।

सेवा संकल्प अभियान : डिजिटल तरीके से पढ़ेंगे नौनिहाल

राइस मिल एसोसिएशन ने 32 आंगनबाड़ी केंद्रों को दिए स्मार्ट टीवी

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद



सेवा संकल्प अभियान के तहत राइस मिल एसोसिएशन कुरुद ने नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र के 32 आंगनबाड़ी केंद्रों को स्मार्ट टीवी प्रदान किए। विधायक अजय चंद्राकर ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को स्मार्ट टीवी सौंपे। इससे अब आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों को बालगीत, कहानियों, चित्रों और शैक्षणिक वीडियो के माध्यम से रोचक एवं डिजिटल तरीके से प्रारंभिक शिक्षा दी जा सकेगी।

इस पहल का उद्देश्य बच्चों में पढ़ाई के प्रति रुचि बढ़ाने के साथ उनकी बौद्धिक और रचनात्मक क्षमता का विकास करना है। स्मार्ट टीवी के माध्यम से बच्चों को शिक्षा के साथ पोषण, स्वास्थ्य, स्वच्छता, टीकाकरण तथा शासन की विभिन्न योजनाओं से जुड़ी जानकारी भी दी जा सकेगी। इसका लाभ आंगनबाड़ी आने वाले बच्चों के साथ माताओं और किशोरी बालिकाओं को भी मिलेगा।

विधायक अजय चंद्राकर ने कहा कि जनभागीदारी से आंगनबाड़ी केंद्रों को आधुनिक और बाल हितैषी बनाने की दिशा में यह महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने राइस मिल एसोसिएशन के सदस्यों की इस पहल की सराहना करते हुए अन्य सामाजिक एवं व्यावसायिक संगठनों से भी जनहित के कार्यों में सहयोग की अपील की।

इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष ज्योति चंद्राकर, राइस मिल एसोसिएशन के अनिल चंद्राकर, हितेन्द्र केला, सुनील अग्रवाल, विजय केला, सुरेश महावर, रामू सुखरामणी, मनीष अग्रवाल, भानू चन्द्राकर सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और नागरिक उपस्थित रहे।

अंचल की खबरें

यशवंतराव मेघावाले के व्यक्तित्व और कृतित्व को किया नमन



मगरलोड। यशवंतराव मेघावाले शासकीय महाविद्यालय मगरलोड में स्व. यशवंतराव मेघावाले की जयंती मनाई गई। प्राचार्य डॉक्टर प्रभा वेरुलकर ने उनके व्यक्तित्व और कृतित्व को नमन किया। प्राचार्य बताया कि शासकीय महाविद्यालय मगरलोड की स्थापना जून 2012 में हुई थी। क्षेत्र के प्रसिद्ध स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के पुत्र स्व. यशवंतराव मेघावाले की स्मृति को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए सत्र 2018-19 में शासन द्वारा महाविद्यालय का नामकरण उनके नाम पर शासकीय यशवंतराव मेघावाले महाविद्यालय किया गया। तब से यह महाविद्यालय पूरे धमतरी जिले में शिक्षा की अलख जगा रहा है। उन्होंने कहा कि मेघावाले का सम्पूर्ण जीवन सादगी, ईमानदारी और समाज सेवा को समर्पित था। महाविद्यालय परिवार ने उनके आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करने और महाविद्यालय को नई ऊंचाइयों तक ले जाने की शपथ ली। इस अवसर पर समस्त प्राध्यापक, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

- मगरलोड कॉलेज में मनाई गई जयंती

सोसाइटियों में खाली पदों से बढ़ा काम का बोझ



पुरी। जिले की सहकारी समितियों में वर्षों से बड़ी संख्या में पद रिक्त होने के कारण किसानों से जुड़े कार्य प्रभावित हो रहे हैं। कार्यरत कर्मचारियों पर अतिरिक्त काम का बोझ बढ़ने से समय पर कार्य नहीं हो पा रहा है। इसे लेकर सहकारी समिति कर्मचारी संघ के प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर और उपपंजीयक को लिखित पत्र सौंपकर जल्द भर्ती और पदोन्नति की मांग की है। कर्मचारियों ने कहा कि कई समितियां दैनिक कर्मचारियों के भरोसे संचालित हो रही हैं। वर्षों से सेवा दे रहे दैनिक कर्मचारियों के नियमितीकरण या भर्ती में बोनस अंक देने की मांग भी की गई है। साथ ही समिति कर्मचारियों को मूल वेतन पर 30 प्रतिशत महंगाई भत्ता देने की मांग रखी गई। संघ के जिला कार्यवाहक सचिव बलदेवराम साहू और जिला कार्यवाहक अध्यक्ष नरेंद्र कुमार साहू ने बताया कि समय पर नियुक्ति व पदोन्नति होने से आगामी धान खरीदी में किसानों को परेशानी नहीं होगी।

- सहकारी समिति कर्मचारियों ने की भर्ती और पदोन्नति की मांग
- कलेक्टर व उप पंजीयक को सौंपा पत्र

भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में 198 छात्र-छात्राएं हुए शामिल



अमलीडीह(धमतरी)। गायत्री शक्तिपीठ धमतरी द्वारा भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा शाउमावि सिलौटी में आयोजित की गई। प्राचार्य एमके ठाकुर के निर्देशन में 218 छात्र- छात्राओं ने परीक्षा के लिए पंजीयन कराया था जिसमें 198 छात्र छात्राएं परीक्षा में उपस्थित रहे। परीक्षा का उद्देश्य छात्रों में मानवीय गरिमा का बोध, भारतीय संस्कृति का ज्ञान, नैतिक मूल्यों का विकास, सकारात्मक दृष्टिकोण, कार्यनिष्ठा का जागरण, प्रखर विचार, दुर्व्यसनों से छुटकारा, व्यक्तित्व का निर्माण, पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता, श्रमदान का बोध कराना था। परीक्षा के आयोजन में प्रभारी शिक्षक चम्पेश्वर साहू, बी. पदमा राजेश, एके यादव, जेएन सोनवानी, एसके ध्रुव, एचआर साहू, एनआर साहू, वायके सेन, रानी साहू, एनके साहू, एचके साहू का सहयोग रहा। यह जानकारी रासेयो प्रभारी एसके जैन ने दी।

Pride of Dhamtari

धमतरी क्रिश्चियन अस्पताल
TO SERVE, NOT TO BE SERVED
ESTD. - 1910
- न्यूरोसर्जरी : सटीक देखभाल के लिए -
दिमाग | रीढ़ | तंत्रिका
EXPERTISE | EMPATHY | BETTER OUTCOMES
बस स्टैण्ड के पास धमतरी (छ.ग.)
94249-42992
उन्नत न्यूरोसर्जिकल देखभाल के लिए जीवन को बहाल करने के लिए प्रतिबद्ध
डॉ.आशना जबीन
MBBS, DrNB (Neurosurgery)
धमतरी क्रिश्चियन अस्पताल में न्यूरो सर्जन प्रतिदिन सुबह 10 से 2 बजे तक उपलब्ध रहेंगे

24 घंटे भर्ती सुविधा
• एनआईसीयु
• आईसीयु
• पीडियाट्रिक वार्ड
• टीकाकरण
• ओपीडी
बच्चों का अस्पताल
सिद्धिविनायक
'आपके बच्चे का स्वास्थ्य हमारे हाथ'
डॉ. विजय रावत (MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ (पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़)
अंबेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी मो. 9981321524, 7223011528

विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी - 75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिरी - 99261-66875, जौंजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201



खबर संक्षेप



जिले के ग्राम रुद्री व सांकरा में बनेंगे महतारी सदन

धमतरी। भाजपा महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सांसद रूपकुमारी चौधरी की अनुशंसा पर महासमुन्द संसदीय क्षेत्र के ग्रामीण अंचल में महिला सशक्तीकरण को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से महासमुन्द, गरियाबन्द व धमतरी जिलों में 5 नवीन महतारी सदन के निर्माण की वित्तीय एवं प्रशासकीय अनुशंसा जारी कर दी गई है। धमतरी विकाखण्ड की ग्राम पंचायतों रुद्री व सांकरा में महतारी सदन के निर्माण के लिए 30-30 लाख (कुल 60 लाख) रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। महतारी सदन निर्माण कार्य के लिए सम्बन्धित ग्राम पंचायतें ही कार्य एजेंसी बनाई गई हैं। सांसद रूपकुमारी चौधरी ने कहा कि महतारी सदन ग्रामीण महिलाओं के सामाजिक, आर्थिक व संगठनात्मक विकास में मील का पत्थर साबित होगा। इसके माध्यम से स्व-सहायता समूहों की दीदियों को अपनी नियमित बैठकों, प्रशिक्षण एवं आजीविका गतिविधियों के संचालन के लिए एक स्थायी व सुरक्षित परिसर उपलब्ध होगा। महतारी वन्दन योजना के साथ-साथ महतारी सदनों की स्थापना से ग्रामीण महिलाओं का मान-सम्मान और स्वावलंबन और अधिक सशक्त होगा।

- ग्रामीण महिलाओं के स्वावलम्बन का बनेगा केंद्र : सांसद

योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना प्राथमिकता : सांसद भोजराज नाग

सेवा संकल्प अभियान के तहत नगरी में जिला स्तरीय जनकल्याणकारी शिविर

- 175 दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण, स्वास्थ्य जांच सहित विभिन्न सेवाएं मिलीं, आंगनबाड़ी केंद्रों को स्मार्ट टीवी

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत 'सेवा मेरा योगदान' की भावना को साकार करने के उद्देश्य से नगरी के श्री श्रृंगी ऋषि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मैदान में जिला प्रशासन, समाज कल्याण विभाग एवं NSE Foundation जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में जिला स्तरीय जनकल्याणकारी निदान-3 शिविर आयोजित किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों की योजनाओं और सेवाओं को एक मंच पर उपलब्ध कराया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लोकसभा सांसद भोजराज नाग थे। अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा ने की। विशिष्ट अतिथि प्रकाश बैस सहित जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी मौजूद रहे। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने अतिथियों का स्वागत किया।

शिविर में 175 दिव्यांगजनों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस दौरान 16 ट्राइसाइकिल, 13 व्हीलचेयर, 27 श्रवण यंत्र, 3 बैसाखी, 2 एल्बो क्रच, 7 वॉकिंग स्टिक और 1 वॉकर सहित अन्य सहायक उपकरण वितरित किए गए। स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य जांच के साथ आधार, आयुष्मान कार्ड सहित अन्य सेवाएं भी उपलब्ध कराई गईं।

मासिक धर्म स्वच्छता एवं जागरूकता कार्यक्रम के तहत किशोरियों एवं महिलाओं को स्वास्थ्य, स्वच्छता और पोषण की जानकारी दी गई। बाला प्रोजेक्ट के सहयोग से सेनेटरी पैड वितरित किए गए। रक्तदान शिविर के माध्यम से नागरिकों को स्वैच्छिक रक्तदान के लिए प्रेरित किया गया।





योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे : भोजराज नाग

सांसद भोजराज नाग ने कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की सार्थकता तभी है, जब उनका लाभ पात्र व्यक्ति तक समय पर और सहज रूप से पहुंचे। सेवा संकल्प अभियान इसी उद्देश्य को धरातल पर उतारने का माध्यम है। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजनों को उनकी जरूरत के अनुसार सहायक उपकरण उपलब्ध कराना उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। सांसद ने पोषण रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

सेवा कार्यों में जनभागीदारी जरूरी : अरुण सार्वा

जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसे बहुविभागीय शिविर प्रशासन और आम नागरिकों के बीच सीधे संवाद का प्रभावी माध्यम हैं। इससे लोगों को अपनी समस्याएं रखने के साथ शासन की योजनाओं एवं सेवाओं की जानकारी एक ही स्थान पर मिलती है। उन्होंने सेवा कार्यों में नागरिकों की सक्रिय भागीदारी को आवश्यक बताया।



बैठक व्यवस्था को लेकर कुछ देर रहा गतिरोध | अरुण सार्वा और अधिकारियों की समझाइश पर माने सरपंच

बैठक व्यवस्था को लेकर सरपंच संघ के सदस्यों ने नाराजगी जताई और सरपंचों के जमीन पर बैठने से कार्यक्रम स्थल पर कुछ देर गतिरोध की स्थिति बनी रही। स्थिति सामान्य करने के लिए कलेक्टर, जिला पंचायत सीईओ, एसडीएम एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों ने सरपंचों से चर्चा कर उन्हें समझाने का प्रयास किया। इसके बाद जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा सरपंचों के बीच पहुंचे। उन्होंने सरपंचों की बात सुनी और अधिकारियों के साथ मिलकर उन्हें समझाया। अरुण सार्वा एवं अधिकारियों की समझाइश के बाद सरपंच मान गए और जमीन से उठकर निर्धारित स्थान पर बैठ गए। इसके साथ ही बैठक व्यवस्था को लेकर बना गतिरोध समाप्त हुआ और कार्यक्रम सुचारु रूप से आगे बढ़ा।

नजदीक उपलब्ध हों शासकीय सेवाएं : कलेक्टर

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने कहा कि जिला प्रशासन का प्रयास है कि नागरिकों को शासकीय सेवाओं के लिए अनावश्यक परेशानी न उठानी पड़े और अधिक से अधिक सुविधाएं उनके नजदीक उपलब्ध हों। उन्होंने नागरिकों से शिविर में उपलब्ध सेवाओं का लाभ उठाने की अपील की।

आंगनबाड़ी केंद्रों को मिले स्मार्ट टीवी

राइस मिलर्स एसोसिएशन, नगरी द्वारा आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए स्मार्ट टीवी उपलब्ध कराए गए। इससे बच्चों को डिजिटल एवं रोचक शिक्षण सामग्री उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी। सांसद भोजराज नाग ने एसोसिएशन के प्रतिनिधियों को सम्मानित किया। उत्कृष्ट कार्य करने वाली मितानिनों को भी सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, जनप्रतिनिधि, ग्रामीणजन, महिलाएं, किशोरियां एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत जयंत नाहटा ने आभार व्यक्त किया।

अंचल की खबरें

पूनम को भृत्य पद पर मिली अनुकंपा नियुक्ति



धमतरी। ग्राम सेमरा बी निवासी श्रीमती पूनम साहू पति स्वर्गीय महेश्वर कुमार साहू को अनुकंपा नियुक्ति के तहत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बारना में भृत्य के पद पर नियुक्ति प्रदान की गई। नियुक्ति प्रमाण-पत्र प्रदान किए जाने के अवसर पर प्राचार्य टेमिन साहू, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष केशव साहू, सरपंच दीपक पटेल, रूपचंद साहू, दिनेश पटेल, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष खिलावन प्रजापति, पूर्व अध्यक्ष ममता निषाद, पूर्व सरपंच राधिका साहू, घनश्याम साहू सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं विद्यालय के शिक्षकगण उपस्थित थे।

भाषण-चित्रकला स्पर्धा में छात्रों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन



धमतरी। पीएमश्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल कुरुद में आयोजित जिला स्तरीय भाषण एवं चित्रकला प्रतियोगिता में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खरतुली के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। भाषण प्रतियोगिता में मामयांशी साहू ने विकसित भारत 2047 विषय पर प्रभावशाली प्रस्तुति देते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया। करूणा पटेल चित्रकला में मेरे सपनों का भारत विषय पर अपनी कूची से रंगों कल्पनाशीलता से बेहतरीन चित्रकारी के लिये संभाग के लिए चयन हुआ। आकाशगिरी गोस्वामी द्वारा लिखित एवं निर्देशित नुक्कड़ नाटक नशा का नागपाश का प्रदर्शन धर्मेंद्र साहू, धारिणी साहू, प्रीति विश्वकर्मा, झरना साहू, पूर्वांजलि साहू, मुस्कान साहू, भुनेश्वरी यादव, गगन विश्कर्मा, मामयांशी साहू, वर्षा सिन्हा ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक कुरुद अजय चंद्राकर ने 5000 की राशि पुरस्कार स्वरूप इस नाटक को प्रदान किया। इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्राचार्य टीआर नागवंशी ने छात्राओं को संभाग स्तरीय प्रतियोगिता के लिए निरंतर अभ्यास एवं बेहतर तैयारी करने हेतु प्रेरित किया।

नूतन स्कूल की छात्रा ने कराते में गोल्ड जीता



धमतरी। नूतन हाईस्कूल सिहावा चौक के कक्षा 9वीं की छात्रा गौरी चक्रधारी पिता भागीरथी चक्रधारी ने अंतर्राष्ट्रीय कराते खेल प्रतियोगिता (काता) में नेपाल को हराकर प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल प्राप्त किया। इसी तरह इण्डो-नेपाल कराते प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त कर कांस्य पदक प्राप्त कर शाला व नगर को गौरवान्वित किया। यह प्रतियोगिता भिलाई में 2 व 4 अक्टूबर को हुई जिसमें विभिन्न स्थानों से लगभग 1200 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था। इस उपलब्धि पर आदर्श शिक्षण समिति के अध्यक्ष निर्मल बरड़िया, सचिव रोहित मित्रा, कोषाध्यक्ष प्रकाश गोलछा तथा प्रभारी सुनील जैन, प्रमोद गोयल, गौरव लोहाना, प्राचार्य दिनेशपुरी गोस्वामी व शाला के शिक्षकों ने हर्ष जताया है।

परसुली की रामधुनी में 16 मंडलियों ने किया मंचन



धमतरी। ग्राम परसुली में तीन दिवसीय अखंड रामधुनी प्रतियोगिता हुई, जिसमें झांकी पक्ष से पूजा के फूल रामधुनी मंडली भटगांव व गायन पक्ष से जय मां शारदा रामधुनी मंडली तवारबाहरा अव्वल रही। झांकी में द्वितीय जय मां दंतेश्वरी रामधुनी मंडली आमदी, तृतीय जय मां सरस्वती रामधुनी मंडली भिरई, चतुर्थ श्री कृष्णा रामधुनी मंडली चंदिया राजनांदगांव, पंचम जय मार्य रामधुनी मंडली राजपुर व गायन पक्ष से द्वितीय जय मां दुर्गेश्वरी रामधुनी मंडली चिरपोटी, तृतीय संगी जहुरिया रामधुनी मंडली गोजी, चतुर्थ जय शीतला रामधुनी मंडली बिरोदा एवं पंचम स्थान पर जय भोले लोक संस्कृति रामधुनी मंडली डोकला रही। सरपंच प्रेमू चंद्रवंशी, उपसरपंच घनश्याम बांधे, खम्हनलाल साहू, निशंभर साहू, तोरण निषाद, चित्रसेन निषाद, बिसराम डहरिया ने पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष तोमेश्वर निषाद ने बताया कि यहां पुरानी परंपरा को काम रखते हुए अखंड रामधुनी का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष 16 मंडलियों का मंचन हुआ। मंच संचालन चिरंजीव हिरवानी व आभार व्यक्त जयलाल लेजवार ने किया।

आज से अरौद में रामधुनी प्रतियोगिता

मगरलोड। ग्राम अरौद में 7 से 10 अक्टूबर रामधुनी मंच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। शाम 7 बजे दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया जायेगा। प्रथम दिवस 8 अक्टूबर को श्री हनुमान रामधुनी मंडली बोदाछापर द्वारा भागीरथी जन्म, जय दुर्गे रा.मं. खोरदो (बालोद) झांकी दानी राजा मोरध्वज, जय शारदा रा.मं. तंवरबाहरा (नहरगांव) शिव भक्त, जय म खल्लारी रा.मं. चिरपोटी परशुराम जन्म, जय श्रीराम मानस एवं रामधुनी मं. तेलावट (बस्तर) सती सुलोचना, श्रद्धा सुमन रा.मं. बकली (सिवनी) झांकी हिरण्य कश्यप वध की प्रस्तुति दी जायेगी। 9 अक्टूबर को जय बजरंग रा.मं. बकली (कुरूद) द्वारा लक्ष्मण चरित्र, जय मारिया रा.मं.राजपुर शुंभ निशुंभ वध, दाई के दुलार रा.मं. कन्हारपुरी (गुरूर) शिवपुराण, श्रीराम जानकी रा.मं. रेवती (नवागांव) राम वनवास, हरिओम जय अम्बे रा.मं. कन्हारपुरी (डोंगरगढ़) झांकी, जय चारोधाम रा.मं. बारना भक्त पूरणमल व अन्तिम दिवस 10 अक्टूबर को जय दुर्गे रा.मं. चिरपोटी द्वारा सती उर्मिला, लहरगंगा रा.मं. अरौद (मेघा) झांकी देवी उत्पत्ति, मधुर मिलन रा.मं. बाबुकोहका (चारामा,कांकेर) सूर्पनखा चरित्र, जय मां विन्ध्यवासिनी रा. मं. गोकुलपुर भस्मासुर उत्पत्ति, जय मां शारदा लोक सांस्कृतिक रा. मं. चर्रा धनुष यज्ञ, जय श्रीराम रा.मं. देवरी (भखारा) भरत गोपी चन्द्र की प्रस्तुति दी जायेगी।

बाढ़ से दरगहन में तबाही, ग्रामीणों ने जिपं अध्यक्ष को सुनाई व्यथा



- एनीकट के पांच गेट टूटे, गलियों में चार फीट पानी भरने से सड़क और घरों का सामान बहा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

25 सितंबर 2026 को आई बाढ़ से ग्राम दरगहन के ग्रामीणों का जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ। महानदी में आई तेज बाढ़ के कारण दरगहन से देवपुर को जोड़ने वाले एनीकट के पांच गेट टूट गए। वहीं गांव की गलियों की सड़क बह गई और करीब चार फीट पानी भरने से कच्चे मकानों के साथ कपड़े, खाद्य सामग्री, चादर व कंबल तक बह गए। राशन दुकान में रखा चावल भी पानी की धार में समा गया।

बाढ़ की भयावह स्थिति को देखते हुए 30 से 35 परिवारों को ट्रैक्टर के माध्यम से समीपस्थ ग्राम सलोनी लाकर साहू भवन में ठहराया गया, जहां भोजन-पानी की व्यवस्था की गई। ग्रामीणों ने बताया कि बाढ़ के बाद भी स्थिति सामान्य नहीं हुई है। घरों में रखा राशन भीग गया है और सड़कें उखड़ने से आवागमन प्रभावित है।

ग्रामीणों ने जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण कुमार सार्वा से मुलाकात कर अपनी समस्याएं बताईं। ग्राम पटेल हेमूराम निषाद ने कहा कि एनीकट के नीचे पुल लगाकर वैकल्पिक सड़क बनाई जाए तो आवागमन शुरू हो सकता है। वर्तमान में स्कूल-कॉलेज जाने वाले विद्यार्थियों को करीब 30 किलोमीटर अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ रही है।

अरुण कुमार सार्वा ने वीबी जी-राम-जी योजना के तहत एनीकट की मरम्मत और वैकल्पिक सड़क बनाने की दिशा में पहल करने की बात कही। सरपंच श्रीमती लक्ष्मी ध्रुव ने बाढ़ में खराब हुए राशन की क्षतिपूर्ति के रूप में दोबारा राशन उपलब्ध कराने की मांग की, जिस पर सार्वा ने प्रशासन से चर्चा कर व्यवस्था कराने का आश्वासन दिया।

इस दौरान उप सरपंच उमेश साहू, पंच दुलाराम नेताम, हरिराम ध्रुव, भुनेश्वरी साहू, भूखीन ध्रुव, रामेश्वर निषाद, ग्रामीण वनलाल साहू, मोहित साहू सहित अन्य मौजूद रहे।

कौहाबाहरा बीट बंटवारे की विसंगति को लेकर आदिवासियों ने किया चक्काजाम



- 20 दिन में समाधान नहीं होने पर जेल भरो आंदोलन की दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

ग्राम कौहाबाहरा सहित प्रभावित वन ग्रामों के आदिवासी ग्रामीणों ने बीट बंटवारे की पुरानी विसंगतियों और वन अधिकारों से जुड़े मुद्दों को लेकर नगरी के शहीद वीर नारायण सिंह चौक पर शांतिपूर्ण चक्काजाम किया। ग्रामीणों ने कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर 20 दिवस के भीतर मामले का स्थायी एवं निष्पक्ष निराकरण करने की मांग की। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि 28 अक्टूबर तक ठोस कार्रवाई नहीं होने पर परिवार सहित जेल भरो आंदोलन किया जाएगा।

ग्रामीणों के अनुसार कौहाबाहरा क्षेत्र में बीट कक्ष क्रमांक के आधार पर किए गए बंटवारे में लंबे समय से विसंगतियां बनी हुई हैं, जिसका असर आदिवासी परिवारों के पारंपरिक वन अधिकार एवं आजीविका पर पड़ रहा है। ग्रामीणों ने 5 अगस्त 1987 के सिहावा-नगरी समझौते, न्यायालयीन प्रकरण क्रमांक 546/84, एमपीटीसी शासकीय जुर्माना रसीदों सहित पुराने अभिलेखों के आधार पर मामले की जांच करने की मांग की।

ज्ञापन में 11 सितंबर 2026 को प्रथम अपीलीय अधिकारी एवं डीएफओ धमतरी द्वारा जारी आदेश का भी उल्लेख करते हुए वन एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम गठित कर स्थलीय जांच और पंचनामा तैयार करने की मांग की गई। सुबह करीब 10 बजे ग्रामीणों ने चक्काजाम शुरू किया। इस दौरान प्रशासनिक अधिकारियों और आंदोलनकारियों के बीच चर्चा हुई। अधिकारियों ने बीट बंटवारे से जुड़ी विसंगतियों के समाधान के लिए समिति गठित करने तथा वन मंत्री एवं वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय चर्चा कर शीघ्र समाधान निकालने का आश्वासन दिया। इसके बाद ग्रामीणों ने फिलहाल आंदोलन समाप्त कर दिया। ग्रामीणों ने संविधान की पांचवीं अनुसूची, पीईएसए अधिनियम 1996 एवं वन अधिकार अधिनियम 2006 के प्रावधानों का पालन करते हुए ग्रामसभा के अधिकारों और पारंपरिक वन अधिकारों को मान्यता देने की मांग की। ज्ञापन शिव प्रसाद नेताम, विक्रम सिंह नेताम सहित ग्रामीणों ने सौंपा।



प्रदर्शन में सरपंच राधिका नेताम, पूर्व सरपंच शिव प्रसाद नेताम, पूर्व जनपद सदस्य बंशीलाल सोरी, दशरू नेताम, संतोष मरकाम, मोहित मरकाम, राम भरोस सिन्हा, सुखचंद मरकाम, कविलास नेताम, चंद्रहास नेताम, शिव मंडावी, छन्नू मरकाम, अजय मरकाम, जयसिंह कुंजाम, ममता नेताम, रजनू नेताम, लतखोर नेताम, राजेन्द्र मरकाम, भूषण लाल मरकाम सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

स्वतंत्रता सेनानियों के परिवारों का किया सम्मान

नगरी। ग्राम बेलर में गांधी जयंती के अवसर पर स्वतंत्रता संग्राम में योगदान देने वाले स्वतंत्रता सेनानियों के परिवारों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे। अतिथियों ने स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान और उनके त्याग को याद करते हुए उनके परिवारजनों को शाल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया। वक्ताओं ने कहा कि देश की आजादी के लिए स्वतंत्रता सेनानियों ने अपना जीवन समर्पित किया, जिसे आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाना हम सभी की जिम्मेदारी है। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के विचारों को आत्मसात करने और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया।



खबर संक्षेप



गोविंद को ग्रामीण शिक्षा के लिए मिला अवार्ड

कुरूद। रायपुर के होटल बेबीलॉन कैपिटल में आयोजित ब्लूम एक्सपो-2026 में विद्या किरण शिक्षण समिति के अध्यक्ष एवं किरण पब्लिक स्कूल के संचालक गोविंद मगर को एक्सीलेंस इन रूरल एजुकेशन अवार्ड प्रदान किया गया। 3 एवं 4 अक्टूबर को आयोजित एक्सपो में ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा के क्षेत्र में लंबे समय से किए जा रहे कार्यों के लिए उन्हें यह सम्मान दिया गया। समारोह में तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विकास मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने उन्हें पुरस्कार प्रदान किया।

आर्यन राव बने एबीवीपी धमतरी के नगर मंत्री

धमतरी। आर्यन राव सालुंके को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का



नगर मंत्री नियुक्त किया गया है। आर्यन ने नई जिम्मेदारी के लिए संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यार्थी परिषद ने जो विश्वास व्यक्त किया है, उस पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे। विद्यार्थियों से जुड़े विषयों को प्रमुखता से उठाने तथा संगठन को नगर स्तर पर और मजबूत करने के लिए सक्रिय रूप से कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के हित, राष्ट्रहित और सामाजिक सरोकारों से जुड़े विषयों पर कार्य करते हुए अधिक से अधिक युवाओं को संगठन की गतिविधियों से जोड़ने का प्रयास रहेगा।

जरही माता मंदिर में नवरात्रि पर होगी ज्योति कलश स्थापना 18 को हवन-पूजन

धमतरी। क्वांर नवरात्रि पर ग्राम सांकरा स्थित जय जरही माता मंदिर में ज्योति कलश स्थापना एवं माता सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। 11 अक्टूबर को दीप प्रज्वलित किया जायेगा। दीप प्रज्वलन एवं शुभारंभ समारोह के मुख्य अतिथि विधायक ओंकार साहू होंगे। अध्यक्षता सरपंच उदय राम साहू करेंगे। विशिष्ट अतिथि जरही माता मंदिर समिति सांकरा के अध्यक्ष कपिल सोनवानी, बोड़रा सं सरपंच सुमन साहू, पीपरछेड़ी सरपंच मीता कौशिक, ग्राम पटेल सांकरा लीलेश्वर बनपेला, ग्राम विकास समिति सांकरा के अध्यक्ष सहदेव कुर्रे, पूर्व सरपंच पार्वती ध्रुव और विधायक प्रतिनिधि फिरोज साहू होंगे। 15 अक्टूबर को पंचमी का पर्व मनाया जाएगा। 18 अक्टूबर को अष्टमी हवन-पूजन दोपहर 2 बजे होगा। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा रहेंगे। अध्यक्षता जनपद सदस्य दिलीप कुमार सेन करेंगे। विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत सदस्य धनेश्वरी साहू, भाजपा मंडल भोथली महामंत्री आनंद स्वरुप मेश्राम, महिला मोर्चा मंडल भोथली की अध्यक्ष पूर्णिमा बनपेला, महिला मोर्चा महामंत्री कामेश्वरी साहू, बूथ सांकरा अध्यक्ष पालकेश्वर साहू, उपसरपंच तुलसीराम साहू और सेवानिवृत्त विद्युत मंडल भिलाई-3 सांकरा के चंद्रिका प्रसाद होंगे।



धमतरी में नौ सिर वाली मरघट काली माता के होंगे दर्शन

दो टन वजनी प्रतिमा और आकर्षक पंडाल बनेगा मुख्य आकर्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

नवरात्रि पर्व को लेकर शहर में दुर्गा उत्सव समितियों की तैयारियां अंतिम दौर में पहुंच गई हैं। बांसपारा वार्ड के नाचन क्षेत्र में न्यू प्रताप मित्र दुर्गा उत्सव समिति इस वर्ष अपनी स्थापना का 50वां वर्ष विशेष अंदाज में मनाने जा रही है। समिति की ओर से करीब दो टन वजनी मां दुर्गा की विशाल प्रतिमा तैयार कराई जा रही है। प्रतिमा का स्वरूप इस बार श्रद्धालुओं के लिए खास आकर्षण रहेगा। यहां नौ सिर वाली मरघट काली माता के स्वरूप में मां दुर्गा के दर्शन होंगे।

पाताल भैरवी की प्रतिमा से भी रही चर्चा

न्यू प्रताप मित्र दुर्गा उत्सव समिति कुछ वर्ष पहले पाताल भैरवी की प्रतिमा को लेकर भी चर्चा में रही थी। समिति से जुड़े लोगों के अनुसार विसर्जन के लिए प्रतिमा ले जाते समय उसे उठाने में परेशानी हुई थी। इसके बाद विशेष पूजा-अर्चना कराई गई थी। यह प्रसंग शहर में चर्चा का विषय बना था।

जनवरी से चल रहा निर्माण

मूर्तिकार गंगा नाग के मुताबिक विशाल प्रतिमा का निर्माण जनवरी से शुरू किया गया था। कई महीनों की मेहनत के बाद प्रतिमा अब अंतिम रूप ले रही है। नौ सिर वाली मरघट काली माता का यह स्वरूप नवरात्रि में श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण रहेगा।

प्रतिमा स्थापना के लिए भव्य पंडाल तैयार कराया जा रहा है। पंडाल में आकर्षक सजावट के साथ विशेष विद्युत सज्जा भी की जाएगी। नवरात्रि के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की उम्मीद है। प्रतिमा निर्माण और पंडाल की तैयारियां देखने के लिए अभी से लोगों की आवाजाही शुरू हो गई है। समिति से जुड़े सितेश शानू पवार ने बताया कि स्थापना के 50वें वर्ष को यादगार बनाने के लिए इस बार आयोजन को भव्य स्वरूप दिया जा रहा है। प्रतिमा, पंडाल और सजावट में विशेष तैयारी की गई है।

भगवा प्रणाम और जय सियाराम के जयघोष से गूंजा परिसर, लय-ताल पर घंटों थिरके गरबा प्रेमी

आराध्य गरबा के प्रथम दिन की ट्रेनिंग में उमड़ा गरबा प्रेमियों का सैलाब

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

नवरात्रि के उल्लास और गरबा की उमंग के बीच धमतरी में आयोजित आराध्य गरबा 2026 की प्रशिक्षण कक्षाओं के प्रथम दिवस गरबा प्रेमियों का जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। हरदिहा साहू समाज भवन में आयोजित ट्रेनिंग में बड़ी संख्या में युवक-युवतियां, महिलाएं और बच्चे पहुंचे। हाल प्रतिभागियों से भर जाने के बाद कई लोग परिसर के बाहर भी गरबा संगीत की धुन पर अभ्यास करते और थिरकते नजर आए।

गरबा की धुन, तालियों की गूंज और भगवा प्रणाम एवं जय सियाराम के जयघोष से पूरा परिसर गरबामय हो उठा। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों ने घंटों तक गरबा के अलग-अलग स्टेप्स का अभ्यास किया।

प्रशिक्षण का शुभारंभ आराध्य गरबा के आयोजक भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य पंडित राजेश शर्मा, छत्तीसगढ़ की सुप्रसिद्ध गरबा कोरियोग्राफर एवं ट्रेनर रुचि अहिर ने मां दुर्गा की पूजा-अर्चना के साथ किया। इसके बाद प्रशिक्षकों ने प्रतिभागियों को गरबा के बेसिक स्टेप्स से लेकर समूह में तालमेल के साथ प्रस्तुति देने की बारीकियां सिखाईं।

पंडित शर्मा ने आगे कहा कि गरबा केवल नृत्य नहीं, बल्कि मां शक्ति की आराधना और समाज को एक सूत्र में बांधने का माध्यम है। आयोजन का उद्देश्य शहर के हर वर्ग और हर आयु के लोगों को एक साथ लाना तथा नवरात्रि के पावन पर्व को मिल-जुलकर उत्सव के रूप में मनाना है।

प्रशिक्षकों ने हाथों की मुद्राओं, कदमों की गति, तालमेल और समूह में एकसाथ मूवमेंट करने की तकनीक समझाई। प्रशिक्षकों के साथ कदम से कदम मिलाते हुए प्रतिभागियों ने बार-बार स्टेप्स का अभ्यास किया। स्टेप्स समझने में जुटे प्रतिभागी कुछ ही देर बाद पूरे उत्साह के साथ गरबा की लय में थिरकते नजर आए।



रायपुर से आए प्रशिक्षकों ने सिखाए गरबा के स्टेप्स

प्रशिक्षण के प्रथम दिवस रायपुर से पहुंची सुप्रसिद्ध गरबा प्रशिक्षक रुचि अहिर एवं उनकी टीम ने प्रतिभागियों को गरबा के विभिन्न स्टेप्स की बारीकियां सिखाईं। पहले बेसिक स्टेप्स समझाए गए और फिर संगीत की ताल पर उनका सामूहिक अभ्यास कराया गया।

महिलाओं, युवाओं और बच्चों में दिखा खासा उत्साह

आराध्य गरबा की ट्रेनिंग में पारिवारिक माहौल विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। बड़ी संख्या में लोग अपने परिवार के साथ प्रशिक्षण लेने पहुंचे। बच्चों और युवाओं के साथ महिलाओं में भी खास उत्साह देखने को मिला।

आराध्य गरबा आपका अपना गरबा है: पंडित राजेश शर्मा

पंडित राजेश शर्मा ने प्रशिक्षण में पहुंचे गरबा प्रेमियों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि आराध्य गरबा आपका अपना गरबा है। इसका उद्देश्य केवल गरबा सिखाना या एक कार्यक्रम आयोजित करना नहीं, बल्कि सनातन संस्कृति, हमारी परंपराओं और पारिवारिक एकजुटता को उत्सव के माध्यम से मजबूत करना है। आराध्य गरबा समरसता और सामाजिक एकजुटता का प्रतीक बनेगा।

नवरंग गरबा में दिखेगा देशभक्ति से लेकर छत्तीसगढ़ी संस्कृति तक का रंग

- 11 से 18 अक्टूबर तक शांति वाटिका में होगा आयोजन, हर दिन अलग थीम पर गरबा

शारदीय नवरात्रि पर शहर में इस वर्ष नवरंग गरबा का छठा आयोजन होने जा रहा है। 11 से 18 अक्टूबर तक सिहावा रोड स्थित शांतिवाटिका में प्रतिदिन शाम 8 बजे से गरबा उत्सव आयोजित किया जाएगा। आयोजन समिति ने प्रेसवार्ता में कार्यक्रम की तैयारियों और आठ दिनों की थीम की जानकारी साझा करते हुए शहरवासियों को आयोजन में शामिल होने का आमंत्रण दिया। आयोजकों ने बताया कि नवरंग गरबा की शुरुआत वर्ष 2021 में कोविड के बाद हुई थी। इसका उद्देश्य लोगों को लंबे समय तक घरों में रहने के बाद एक बार फिर सामाजिक और उत्सवी माहौल से जोड़ना तथा मां दुर्गा की आराधना के माध्यम से सकारात्मक वातावरण तैयार करना था। पहले



आयोजन से मिले लोगों के प्यार और सहयोग के बाद यह आयोजन लगातार आगे बढ़ता गया। इस वर्ष छठे संस्करण में पिछले आयोजनों के अनुभवों को शामिल करते हुए इसे और बेहतर बनाने का प्रयास किया गया है। आठ दिवसीय आयोजन में हर दिन अलग थीम आकर्षण का केंद्र रहेगी। 11 अक्टूबर को रंग दे बसंती के साथ देशभक्ति का रंग देखने को मिलेगा। 12 अक्टूबर को हृदय में जिनके सियाराम थीम भगवान श्रीराम की भक्ति और भारतीय संस्कृति को समर्पित रहेगी। 13 अक्टूबर को हमर माटी के महक के जरिए छत्तीसगढ़ की संस्कृति और परंपरा को प्रस्तुत किया जाएगा। 14 अक्टूबर को बैक टू द 80s के माध्यम से पुराने दौर की यादें ताजा होंगी। 15 अक्टूबर को गुजरात की शान, गुजराती परिधान, 16 अक्टूबर को ब्रज की होली और 17 अक्टूबर को शिव नगरी थीम पर आयोजन होगा। 18 अक्टूबर को गुजराती संस्कृति के रंग में आठ दिवसीय आयोजन का समापन होगा। प्रेसवार्ता के दौरान ऋतुराज पवार, दीपक लखोटिया, भूमि मूलवानी, रेणु जसूजा, गुलशन छाबरिया, कुणाल सिंह, हेमंत राजपूत, अंकित मंधान, संकेत रोहरा, सारांश केशवानी, आयुष आहूजा, करण सिंह, पीयूष जसूजा, हेमंत लेडवानी, गौरव लोहाणा, नमन विख्यात सिन्हा, रोहन चक्रधारी, वर्तिका आदि उपस्थित थे।

कांग्रेसियों ने केंद्र सरकार के खिलाफ निकाला आक्रोश मार्च

- महात्मा गांधी के प्रतिमा स्थल के समक्ष किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी शहर ने केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार के खिलाफ आक्रोश मार्च निकाला। स्थानीय राजीव भवन में बड़ी संख्या में कांग्रेसी एकत्रित हुए, जहां से केंद्र सरकार विरोधी एवं वोट चोर नारों के साथ विरोध मार्च निकाला गया। यह मार्च शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के प्रतिमा स्थल पर पहुंचा, जहां कार्यकर्ताओं ने धरना देकर अपना कड़ा विरोध दर्ज कराया।



प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे ब्लॉक कांग्रेस कमेटी शहर के अध्यक्ष योगेश शर्मा, गौतम वाधवानी ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार ने अपनी तानाशाही की सभी सीमाएं पार कर दी हैं। दिल्ली में जब कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में INDIA ब्लॉक के सांसद चुनाव आयोग से जवाबदेही की मांग करने के लिए शांतिपूर्वक चुनाव आयोग की ओर बढ़ रहे थे, तो उन्हें बर्बरतापूर्वक रोक दिया गया। नेताओं ने आरोप लगाया कि देश के शीर्ष जनप्रतिनिधियों के साथ पुलिस द्वारा बलपूर्वक व्यवहार किया गया। राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और विपक्ष के वरिष्ठ सांसदों पर लाठीचार्ज किया गया, जिससे कई नेता गंभीर रूप से घायल हुए हैं। आक्रोश मार्च के समापन पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की और बापू के सिद्धांतों पर चलते हुए इस वैचारिक और लोकतांत्रिक लड़ाई को अंतिम सांस तक लड़ने का संकल्प लिया। इस दौरान मोहन लालवानी, अरविंद दोशी, गौतम वाधवानी, योगेश शर्मा, दीपक सोनकर, विशु देवांगन, सुमन मेश्राम, सोमेश मेश्राम, राजेश पांडे, विक्रांत पवार, समेत बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

पेट्रोल पंप में आगजनी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

- बच्ची की नाले में गिरकर मौत के लिए पेट्रोल पंप प्रबंधन को मानता था जिम्मेदार
- पेट्रोल पंप के नोजल में आग लगाने का किया प्रयास
- असफल होने पर परिसर में खड़ी दो मोटरसाइकिल को किया आग के हवाले

हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड



मगरलोड पुलिस ने ग्राम मेघा स्थित मातारानी पेट्रोल पंप परिसर में आगजनी की घटना को अंजाम देने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान जीवन निषाद उम्र 47 वर्ष, निवासी वार्ड क्रमांक 01 मेघा थाना मगरलोड जिला धमतरी के रूप में हुई है।

मामला थाना मगरलोड क्षेत्र के ग्राम मेघा स्थित मातारानी पेट्रोल पंप का है। 1 अक्टूबर 2026 की दरम्यानी रात करीब 1:30 बजे आरोपी पेट्रोल पंप परिसर में पहुंचा और गाली-गलौज करते हुए पेट्रोल नोजल में आग लगाने का प्रयास किया। इसमें सफल नहीं होने पर उसने परिसर में खड़ी दो मोटरसाइकिल को माचिस से आग लगा दी और मौके से फरार हो गया।

घटना की रिपोर्ट पर थाना मगरलोड में धारा 296, 326(एफ) एवं 324(4) भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मगरलोड पुलिस ने आरोपी की पतासाजी कर उसे गिरफ्तार किया।

पूछताछ में आरोपी ने बताया कि 26 सितंबर 2026 को ग्राम मेघा में पेट्रोल पंप के सामने खुले नाले के कारण एक छोटी बच्ची नाले में गिर गई थी और महानदी में आई बाढ़ के पानी में बह गई थी, जिससे उसकी मृत्यु हो गई थी। आरोपी इस घटना के लिए पेट्रोल पंप प्रबंधन को जिम्मेदार मानता था। इसी बात को लेकर उसके मन में आक्रोश था, जिसके चलते उसने गुस्से में आकर पेट्रोल पंप परिसर में आगजनी की घटना को अंजाम दिया। पुलिस ने



घटना में प्रयुक्त सामग्री माचिस और घटना के समय आरोपी द्वारा पहने गए कपड़े का जब्त किया। आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेजा जा रहा है।

रुद्री में बनेगा महतारी सदन 30 लाख की मिली स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी





मातृशक्ति के सम्मान और महिलाओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में ग्राम रुद्री में महतारी सदन के निर्माण की स्वीकृति मिली है। ग्राम पंचायत रुद्री में महतारी सदन निर्माण हेतु 30 लाख की राशि स्वीकृत की गई है। स्वीकृति मिलने पर भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष एवं जनपद सदस्य धमतरी अनीता यादव ने प्रदेश सरकार और जनप्रतिनिधियों के प्रति आभार व्यक्त किया है।

श्रीमती यादव ने कहा कि महतारी सदन महिलाओं के लिए उपयोगी साबित होगा। इससे ग्रामीण क्षेत्र की माताओं-बहनों को विभिन्न गतिविधियों, बैठकों, प्रशिक्षण एवं सामाजिक कार्यक्रमों के लिए बेहतर स्थान उपलब्ध हो सकेगा। उन्होंने महतारी सदन की स्वीकृति के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, जिले के प्रभारी मंत्री टंकराम वर्मा, महासमुंद सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी तथा भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती रंजना साहू का आभार जताया।

नवरात्रि के पहले दिन महिलाओं के खाते में आएगी महतारी वंदन योजना की राशि

- लोक निर्माण विभाग अध्यक्ष विजय मोटवानी ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार माना

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



प्रदेश की महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से संचालित महतारी वंदन योजना के तहत 70 लाख महिलाओं के खातों में 32वीं किस्त की राशि आवंटित की जाएगी। नगर निगम के लोक निर्माण विभाग अध्यक्ष विजय मोटवानी ने इस पहल का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के प्रति आभार व्यक्त किया।

विजय मोटवानी ने कहा कि नवरात्रि के प्रथम दिन शक्ति की आराधना के साथ प्रदेश की मातृशक्ति को आर्थिक सहायता प्रदान किया जाना महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि योजना के माध्यम से महिलाओं को मिलने वाली यह राशि उनके आर्थिक सशक्तिकरण में सहायक होगी। उन्होंने कहा कि नवरात्रि के पावन अवसर पर माताओं की वंदना के साथ दी जा रही सहायता से महिलाओं के परिवारों को आर्थिक संबल मिलेगा। साथ ही उन्होंने प्रदेश की मातृशक्ति की ओर से सरकार के प्रति आभार और शुभकामनाएं व्यक्त कीं।

फोरलेन से पहले पाइपलाइन शिफ्टिंग की तैयारी, 15 करोड़ की मंजूरी

- जलापूर्ति व्यवस्था मजबूत करने महापौर रामू रोहरा की पहल

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शहर में प्रस्तावित फोरलेन सड़कों के



निर्माण से पहले पाइपलाइन शिफ्टिंग और पानी टंकी निर्माण की तैयारी शुरू कर दी गई है। इसके लिए कुल 15 करोड़ रुपए की स्वीकृति मिली है। इससे सड़क निर्माण



के दौरान पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने और जलापूर्ति प्रभावित होने की समस्या से बचाव होगा। महापौर रामू रोहरा ने कहा कि सड़क विकास के साथ शहर की जलापूर्ति व्यवस्था को मजबूत करना भी प्राथमिकता है।

महापौर ने बताया कि सिहावा चौक से नहर नाका चौक, छत्रपति शिवाजी चौक से गोपाला अस्पताल तथा आंबेडकर चौक से कर्मा चौक तक पाइपलाइन शिफ्टिंग के लिए 11 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए हैं। पाइपलाइन को सड़क निर्माण से पहले व्यवस्थित ढंग से सड़क किनारे शिफ्ट किया जाएगा। इसके अलावा शहर की जलापूर्ति क्षमता बढ़ाने पानी टंकी निर्माण के लिए 4 करोड़ रुपए की स्वीकृति मिली है।

रामू रोहरा ने कहा कि फोरलेन बनने से शहर की यातायात व्यवस्था बेहतर होगी, लेकिन निर्माण के दौरान नागरिकों को पेयजल संकट का सामना न करना पड़े, इसका भी ध्यान रखा जा रहा है। इसी उद्देश्य से पहले ही पाइपलाइन शिफ्टिंग की योजना बनाई गई है।

उन्होंने कहा कि विकास का मतलब केवल सड़क निर्माण नहीं, बल्कि उससे जुड़ी मूलभूत सुविधाओं को भी भविष्य की जरूरतों के अनुसार मजबूत करना है। पाइपलाइन शिफ्टिंग और नई पानी टंकी से जलापूर्ति व्यवस्था को दीर्घकालीन मजबूती मिलेगी। महापौर ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री अरूण साव, प्रभारी मंत्री टंकराम वर्मा और सांसद रूपकुमारी चौधरी के प्रति आभार प्रकट किया।





